# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

क्र. 1792/परीक्षा/कोर्सवर्क/2020 दुर्ग, दिनांक 14.10.2020

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित होने वाली पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा 2020 हेतु विभिन्न विषयों में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क सहित जमा करने की तिथि | 15.10.2020 से 23.10.2020 |
| 02 | ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी पीएच.डी. सेल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, में जमा करने की तिथि | 26.10.2020 |

कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा जारी की गई गाईडलाईंस का पालन करते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी निर्देशक, शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर विश्वविद्यालय के पीएच.डी. सेल में दिनांक 26.10.2020 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

1. परीक्षा शुल्क :–
   - परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क रू. 300/– सहित निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं।
   - विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 15 फरवरी 2002 मे लिये गये निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क से छूट दिया जावेगा।
   - विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17/11/2009 में पद क्रगांक 08 पर लिये गये निर्णयानुसार – "Blind, Physically Handicapped and dyslexic students appearing for the University Examination are permitted to use an amanuensis and shall be allowed an additional one- hour (60 minutes) time for each paper.

2. परीक्षार्थियों के लिए निर्देश:–
   - परीक्षार्थियों को कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन करना होगा।
   - परीक्षार्थी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति से जमा करेंगे।
   - परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in ⇨ Quick Links ⇨ Online Exam Form :- Course Work Exam-2019-20 ⇨ Student Login कर पूर्व में उपयोग की गई अर्थात (ऑनलाईन नामांकन फार्म–2019) की यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से परीक्षा फार्म भरेंगे।
   - परीक्षार्थी https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/ के माध्यम से भी परीक्षा आवेदन फार्म भर सकते हैं।
   - यदि परीक्षार्थी अपना आई.डी. अथवा पासवर्ड भूल गये हैं तो वे Forget Password के माध्यम से इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
   - **परीक्षार्थियों को पी.एचडी. कोर्स वर्क के लिए शोध केन्द्र का नाम एवं शोध केन्द्र में प्रवेश की तिथि, पंजीकृत शोध छात्र हैं तो पंजीयन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।**
   - पीएच.डी. कोर्सवर्क के परीक्षार्थियों को अपने शोध निर्देशक एवं शोध केन्द्र प्रमुख से आवेदन अग्रेषित कराना अनिवार्य है।

क्रमशः–02.....

- परीक्षार्थी की आई.डी. पर ऑनलाईन किए गये परीक्षा आवेदन की एक प्रति **Save** रहेगी जिसे वे आवश्यकता पड़ने पर कभी भी प्रिंट निकाल सकते हैं।
- परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन की प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
- यदि ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 9713387094 / 7225940167 पर फोन के माध्यम से अथवा onlinehelp@durguniversity.in पर ई–मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

3. महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र के लिए निर्देशः–

- कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शोध केन्द्र शासन द्वारा जारी गाईडलाईन्स का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।
- परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की एक प्रति संबंधित महाविद्यालय / शोधकेन्द्र के पोर्टल पर भी अपलोड हो जायेगी। जिसका अवलोकन संबंधित महाविद्यालय द्वारा किया जा सकता है।
- विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने निर्देश प्राप्त होने के पश्चात शोधकेन्द्र परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म की जांच एवं संबंधित पाठ्यक्रमों के संबंधित अध्यादेश एवं अध्यादेश कमांक 45 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र (आवश्यक दस्तावेजों सहित) परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करने का कष्ट करेंगे।
- यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के पात्रता न होने पर भी उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित कर दिए जाते हैं एवं विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी, परंतु यदि ऐसे अपात्र परीक्षार्थी किसी प्रकार से परीक्षा में शामिल हो जाते हैं तो उनके परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिये जायेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय

पृ.क्र/793/परीक्षा / कोर्सवर्क / 2020 दुर्ग, दिनांक 14.10.2020

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय / तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / वित्त अधिकारी / उ.कु.स. परीक्षा / अकादमिक / गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त शोधकेन्द्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र / पत्रिकाएं दुर्ग / बेमेतरा / राजनांदगांव / कबीरधाम / बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय